दैनिक भास्कर कोटा • मंगलवार, 20 सितंबर, 2011 6

क्षितिज तारे का म्यूजिक एलबम लांच

कोटा। कोटा के युवा गायक व बॉलीवुड सिंगर क्षितिज तारे का नया एलबम 'ए दोशीजा' का म्यूजिक लांच पिछले दिनों मुंबई के मरिम्बा ऑडिटोरियम में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संगीतकार सलीम मर्चेंट ने कहा कि क्षितिज की गायकी कमाल की है जिसे वे पहले भी कई बार अनेक गीतों में साबित कर चुके है। इस अवसर पर गीतकार सईद कादरी, क्षितिज के गुरू पं.भवंदीय जयपुर वाले और पं.रतन मोहन शर्मा सहित फिल्म संगीत जगत के अनेक संगीतकार व गायक मौजूद थे। क्षितिज तारे ने बताया कि इस एलबम का एक गीत का वीडियो इन दिनों यू ट्यूब व अन्य म्यूजिक चैनल पर काफी लोकप्रिय हो रहा है। क्षितिज तारे का लाइव शो 25 सितंबर को आईएल कम्युनिटी हॉल में होने जा रहा है।